तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज प्रतापाराम बनाम लो.सू.अ. (तहसीलदार लोहावट) सू.अ.अ. अपील संख्या 31 / 2018	नं0 व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.03.18	पत्रावली पेश हुई। अपीलार्थी प्रतापाराम विश्नोई पुत्र स्व. सुरजनराम पता मु. पो. चन्द्रनगर, पंचायत जम्भेश्वर नगर, तहसील लोहावट जिला जोधपुर ने सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत प्रार्थना–पत्र दिनांक 10.01.18 में उसके द्वारा (1) विश्नोईयों का बास लोहावट में ढाकों की शक्ति केसमाने स्थित जमीन का सलंग्न पत्र (पट्टा) के संबंध में अन्य किसी व्यक्ति को पुनः पट्टा जारी किया गया हो उसकी प्रमाणित प्रति एवं पत्रावली की नोटशीट पर की गई कार्यवाही एवं आदेश की प्रति, से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को प्रेषित किया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील दर्ज रजिस्टर कर रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लोहावट) से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई। अपीलार्थी आज अनुपस्थित। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। रेस्पो.पक्ष (तहसीलदार लोहावट) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार लोहावट) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना विधिक प्रावधानों के अधीन रहते हुए प्रार्थी को 15 दिवस में प्रमाणित सूचना उपलब्ध करावे, अन्यथा सूचना नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जाय। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया	